पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

सीएम योगी के नेतृत्व में डिजिटल शिक्षा से संवर रहा परिषदीय विद्यालयों का भविष्य, 14,988 विद्यालय आईसीटी लैब से आच्छादित

लखनऊ : 10 नवम्बर, 2026

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की तस्वीर तेजी से बदल रही है। अब गांव के बच्चे भी डिजिटल तकनीक, आधुनिक विज्ञान और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों से परिचित हो रहे हैं। प्रदेश के 14,988 परिषदीय विद्यालयों में संचालित आईसीटी लैब विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान से जोड़कर उनके भविष्य की मजबूत नींव तैयार कर रही हैं।

प्रदेश सरकार का यह प्रयास शिक्षा को परंपरागत दायरे से आगे ले जाकर आधुनिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के नए अवसर उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के अनुरूप परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को भी भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं के लिए सक्षम बनाने की दिशा में व्यापक बदलाव किए जा रहे हैं।

परिषदीय विद्यालयों में आईसीटी लैब विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही हैं। डिजिटल शैक्षिक सामग्री और तकनीकी संसाधनों के उपयोग से बच्चों को विषयों को समझने के नए अवसर मिल रहे हैं। विज्ञान और गणित जैसे विषयों को डिजिटल माध्यम से प्रस्तुत करने से सीखने की प्रक्रिया अधिक रोचक और सहज बन रही है। तकनीक आधारित शिक्षण विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तार्किक सोच और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित कर रहा है।

आईसीटी लैब विद्यार्थियों को डिजिटल उपकरणों के उपयोग, सूचनाओं की समझ और तकनीक के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया से परिचित कराने का अवसर प्रदान कर रही हैं। डिजिटल साक्षरता आज के समय में शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। ऐसे में परिषदीय विद्यालयों में तकनीक आधारित शिक्षण बच्चों को आधुनिक ज्ञान से जोड़ने के साथ उनकी समस्या समाधान क्षमता, तार्किक चिंतन और रचनात्मकता को विकसित करने में सहायक बन रहा है।

परिषदीय विद्यालयों में आईसीटी लैब के माध्यम से शिक्षण प्रक्रिया को अधिक सहभागितापूर्ण, रोचक और प्रभावी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। डिजिटल संसाधनों के उपयोग से विद्यार्थियों को विषयों की बेहतर समझ विकसित करने और अपनी सीखने की क्षमता को बढ़ाने का अवसर मिल रहा है। तकनीक आधारित शिक्षण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बच्चों के बीच आधुनिक शिक्षा के अवसरों को व्यापक बनाने में भी सहायक बन रहा है। शिक्षकों को भी डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे कक्षा शिक्षण में तकनीक का समुचित समावेश हो सके।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की बेसिक शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आईसीटी लैब के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण संसाधनों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के सभी बच्चों को समान रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और वे तकनीकी रूप से दक्ष बनकर भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हों।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में डिजिटल संसाधनों का विस्तार शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और विद्यार्थियों के लिए रुचिकर बना रहा है। आईसीटी लैब के माध्यम से बच्चों को आधुनिक तकनीक और डिजिटल शिक्षण सामग्री से परिचित कराया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता विकसित करने के साथ शिक्षकों को भी तकनीक आधारित शिक्षण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे

राघवेन्द्र / 05:20 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in